May 2026

Uttarakhand Disaster and Accident Analysis Initiative - UDAAI

Social Development for Communities (SDC) Foundation
Dehradun, Uttarakhand
www.sdcuk.in

© 2026 SDC Foundation

SDC Foundation is a Dehradun based environmental action and advocacy group committed to make a positive impact and secure a sustainable future for our home state Uttarakhand, the Himalayas and beyond.

Material from this publication can be used with due acknowledgement.

Editors
Anoop Nautiyal
Prerna Raturi
Gautam Kumar

Research Team
Riya Raj
Misbah Khan
Shubhransh Vir
Praveen Upreti

Contact: SDC Foundation 69, Vasant Vihar,
Dehradun, Uttarakhand (India) - 248001
Website: www.sdcuk.in
Email: contactsdcuk@gmail.com

About UDAAI Monthly Reports

Uttarakhand Disaster and Accident Analysis Initiative (UDAAI) is a monthly initiative by Dehradun-based environmental action and advocacy group, Social Development for Communities (SDC) Foundation. The goal of the UDAAI reports is to document disasters and accidents in Uttarakhand, leading to human and ecological casualties. UDAAI is based on media reports in respectable publications in English and Hindi newspapers, as well as news portals. UDAAI neither attempts nor claims to document all disasters and all accidents in Uttarakhand; its focus instead is to document major casualties and non-casualty events on a regular basis.

We strongly believe that with the perils of inclement climate and unabated disasters, the ecologically fragile and earthquake-prone state of Uttarakhand needs to take many more steps to increase its disaster preparedness. We therefore see UDAAI as a document that highlights attention towards the urgent need for a holistic disaster management and accident minimisation policy framework in Uttarakhand.

It is our earnest hope that UDAAI will spur political leadership, policy makers, bureaucracy, research and academic institutions, businesses, civil society organisations, media and the citizenry at large to initiate inclusive, regular and action-oriented conversations on the subjects of resilience, mitigation and adaptation in Uttarakhand. With mainstreaming and a greater focus on the issue, there is likely to be an improvement in the planning of climate actions and disaster management in Uttarakhand.

Summary of UDAAI Report - May 2026

The UDAAI Report for May 2026, highlights several climate-induced disasters, environmental challenges, and human tragedies that affected the Himalayan state during the month. The report underscores the increasing vulnerability of Uttarakhand to natural hazards and emphasizes the urgent need for climate-resilient planning, disaster preparedness, and sustainable environmental management.

One of the major concerns highlighted in the report is the growing threat of landslides and debris flow. Geological assessments identified 48 highly vulnerable locations across Uttarkashi, Chamoli, and Pithoragarh districts, placing nearby communities and infrastructure at significant risk. The report also documents the devastating impact of extreme weather events, including a lightning strike in Chamoli district that killed 413 sheep and goats, causing severe economic losses for local pastoral communities and demonstrating the vulnerability of mountain livelihoods to climate extremes.

The report further notes that 85% of Uttarakhand's districts are flood-prone, reflecting the state's increasing exposure to climate-related disasters. As erratic rainfall and extreme weather events become more frequent, the need for stronger disaster risk reduction measures and resilient infrastructure has become increasingly important. Forest fires also remained a major concern during May 2026. To reduce future fire risks, the state proposed restoring forest fire lines, a process requiring the removal of approximately 15,000 trees. While intended to improve fire management, the proposal also raises important questions regarding ecological conservation and sustainable forest management.

Several tragic incidents are also documented in the report. A vehicle accident in Bhawali claimed the lives of five people after the vehicle fell into a deep gorge, highlighting the persistent safety challenges on mountain roads. Forest fires resulted in multiple fatalities, including the deaths of a fire watcher and a local woman. In another incident, a woman lost her life while extensive apple orchards were destroyed by fire, severely affecting local livelihoods and agricultural production.

Additionally, the report highlights that over 400 villages continue to face disaster-related challenges, while the pace of rehabilitation and displacement remains slow, leaving many families vulnerable. The report also records a separate road accident in Garhwal in which ten people lost their lives.

Overall, the UDAAI Report presents a comprehensive overview of the interconnected impacts of climate change, environmental degradation, and disaster risks in Uttarakhand. It calls for coordinated action involving government agencies, local communities, and civil society to strengthen disaster preparedness, protect ecosystems, improve road safety, and build long-term climate resilience across the Himalayan region.

1. May 5, 2026: 48 places in Uttarkashi, Chamoli, Pithoragarh are at risk from debris

उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ के 48 स्थानों को मलबे से खतरा

देहरादून, विशेष संवाददाता। उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में 48 ऐसे स्थान हैं जो भूस्खलन और उसके मलबे के बहाव के खतरे के दायरे में है। इनमें सर्वाधिक 21 चमोली में है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया।

मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन अधिकारियों को इन स्थानों की संवेदनशील के अनुसार सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बाकी जिलों में भी इस प्रकार के स्थानों को चिह्नित करने को कहा। जिससे ससमय वहां सुरक्षात्मक उपाय किए जा सकें। बैठक में विशेषज्ञों ने डिब्रिस फ्लो यानि मलबा बहाव के जोखिम के आकलन की जानकारी दी। बताया कि तीनों जिलों में 48 संवेदनशील स्थानों की पहचान कर ली गई है। ये सभी स्थान जल निकासी मार्गों (ड्रेनेज चैनल) के आसपास स्थित हैं। इन सभी को संवेदनशीलता के आधार पर उच्च, मध्यम एवं निम्न श्रेणियों में बांटा गया है। आपदा प्रंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि इन स्थानों के उपचार के लिए समिति का गठन किया गया है। इसमें उत्तराखंड भूस्खलन न्यूंनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान तथा उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र शामिल हैं।

ग्लेशियल झीलों की निगरानी होगी, भूकंप अर्ली वार्निंग सिस्टम मजबूत होगा : मुख्य सचिव ने संवेदनशील ग्लेशियर झीलों की निगरानी और वहां अर्ली वार्निंग सिस्टम एवं मॉनिटरिंग मैकेनिज्म स्थापित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में वाडिया संस्थान वसुधारा झील को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित कर रहा है। मुख्य सचिव ने वाडिया के विशेषज्ञों को उपचार कार्यों का समयबद्ध प्लान देने के निर्देश दिए। साथ ही भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक प्रभावी, सटीक एवं त्वरित बनाने को कहा।

इन जगह है खतरा

चमोली (21): अति संवेदनशील-हनुमान चट्टी, जालम, पुलना, घास्टोली, मध्यम संवेदनशील- चाई जोशीमठ, सुराही थोटा, पांडेकेश्वर, घांघरिया, बदरीनाथ, प्रन्मिती गाड़, चेप्टदोन, कोठी, मलारी, रेवल चाक कुर्कुति, मंडल, द्रोणगिरी, अरुरी परूरी, गौना, मालकोट, निम्न संवेदनशील- धुनार घाट, त्रिकोट

उत्तरकाशी (11): अंति संवेदनशील- स्यानाचट्टी, मध्यम संवेदनशील- जानकीचट्टी, पालीगाड़, हर्षिल, झाला, गणेशपुर, गंगोरी, लाड़री, निम्न संवेदनशील- कुथनूर, खरसाली, गंगोत्री

पिथौरागढ़ (16): अति संवेदनशील- सोबाला, दाफा, सुवा, सुनडुंग, धुनामनी, गालाटी, मध्यम संवेदनशील- रौकोंग, बरम, सेरा, मदकोट, नविडांग, नाबी, नेओ, बुरफू, मालपा, निम्न संवेदनशील- टांगा

66 राज्य के लोगों को भूकंप से जुड़े भूदेव और मौसम के ऐप सचेत को मोबाइल में डाउनलोड करना चाहिए। इससे सूचनाएं प्राप्त होंगी। समय रहते आपदा में सुरक्षा की व्यवस्था की जा सकेगी।

आनंद बर्द्धन, मुख्य सचिव

भूकंप निगरानी को आठ नई वेधशालाएं बनेंगी

आपदा प्रबंधन सचिव ने विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में भूकंप का अर्ली वार्निंग सिस्टम मजबूत किया जा रहा है। देश में 167 सिस्मोलॉजिकल वेधशालाएं संचालित हैं। इनमें आठ उत्तराखंड में हैं। रुड़की, देवप्रयाग, कर्णप्रयाग, रामनगर, बागेश्वर, अल्मोड़ा, केदारनाथ, चकराता में नई वेध- -शालाओं का प्रस्ताव है।

HINDUSTAN

MAY 5, 2026

2. May 5, 2026: Lighting kills 413 sheep, goats in chamoli district

Lightning kills 413 sheep, goats in Chamoli dist

Dehradun: At least 413 sheep and goats were killed after lightning struck in remote Nijmula valley of Chamoli district on Sunday, causing heavy losses to livestock rearers. Around 1,400 animals were being taken towards Niti valley by a group of 10 herders from Byara village.

The livestock belonged to nearly 30 families from their village, said Dasholi block head Vinita Bedwal and Hema Negi from Nandanagar in Chamoli. The herders had halted for dinner at Gonna around 9.30pm on Sunday. Soon after, lightning struck, killing hundreds of animals, according to those present.

Officials said intermittent thunderstorms, accompanied by lightning, hail, heavy rain, and strong winds since Saturday night, have affected livestock owners in some other parts of the state too.

Chamoli DM Gaurav Kumar assured villagers of all possible support from the administration. **Shivani Azad**

TIMES OF INDIA
MAY 5, 2026

3. May 7, 2026: ‘85% of Uttarakhand districts, 45% of Himachal flood-prone’

‘85% of U’khand dists, 45% of Himachal flood-prone’

Findings Crucial For Infra Planning, Disaster Mgmt, Say Experts

Gaurav.Talwar
@timesofindia.com

Dehradun: Using advanced artificial intelligence to map flood-prone areas across the Indian Himalayan region, a new study by IIT Roorkee has found that nearly 85% of districts in Uttarakhand are vulnerable to extreme floods, while over 45% of Himachal Pradesh faces risks from floods, landslides and avalanches, accentuating the growing exposure of mountain communities to hydro-meteorological disasters.

Researchers applied a deep learning model, CNN U-Net, to analyse flood susceptibility at a fine spatial resolution of 90 metres. The model incorporated 14 key factors, including elevation, slope, vegetation cover and water flow characteristics, to identify high-risk zones. The researchers said the findings could play a crucial role in infrastructure planning, land-use regulation and strengthening disaster management systems.

File Photo



PEAK PERIL: Disasters such as 2013 Kedarnath floods, which claimed over 6,000 lives, highlighted devastating potential of such hazards

IIT FACULTY

AI-driven flood susceptibility mapping can provide reliable, near real-time insights, helping authorities act early and reduce risks to lives and infrastructure

MOHIT P MOHANTY

Rachit (uses first name only), author and PhD research scholar at IIT Roorkee, said developing the framework involved translating complex terrain and environmental data into a form that AI models can effectively learn from. “The goal was to create a system that is not only accurate but also fast and practical for real-world flood mapping in Himalayan terrains,” he added.

The results showed that vegetation cover (NDVI), topographic wetness index (TWI) and elevation are the most critical drivers of flood risk in the region. Areas with low vegetation and high water accumulation potential are particularly vulnerable.

“Bringing together different terrain and environmental factors into a single framework helps capture how floods develop in complex mountain regions,” said Vaibhav Tripathi, co-author and PhD research scholar at IIT Roorkee.

The model achieved an overall accuracy of 97.12%, indicating strong reliability in identifying flood-prone zones even in complex mountainous terrain. Authors claimed that such high accuracy is significant given the limited availability of historical flood data in the Himalayas. “The increasing frequency of flash floods in the Himalayan region demands faster and smarter solutions. Our work shows that AI-driven flood susceptibility mapping can provide reliable, near real-time insights, helping authorities act early and reduce risks to lives and infrastructure,” said Mohit P Mohanty, corresponding author and faculty at IIT Roorkee.

The study also validated its findings against real flood events. High-risk zones identified by the model closely matched areas that experienced flooding during recent monsoon events, including regions in Uttarakhand such as Rudraprayag and along key road corridors.

Scientists pointed out that traditional flood models often struggle in mountainous regions due to limited data, complex terrain and the rapid onset of flash floods. In contrast, the AI-based approach can quickly generate detailed risk maps, making it more suitable for early warning and disaster preparedness.

The research comes against the backdrop of increasing extreme weather events in the Himalayas. Past disasters such as the 2013 Kedarnath floods, which claimed over 6,000 lives, highlighted the devastating potential of such hazards. “This study demonstrates the potential of AI to bridge critical gaps in flood risk assessment in mountainous regions,” said Anil K Gupta, co-author and faculty at IIT Roorkee who is also leading ICARS, a joint initiative of the ministry of science and technology on strategic knowledge on climate change.

TIMES OF INDIA
MAY 7, 2026

4. May 8, 2026: State to clear 15000 trees for restoration of forest fire lines

State to clear 15,000 trees for restoration of forest fire lines

1,689 Forest Beats 'Vulnerable', With 84 Classified As 'Highly Sensitive'

Shivani.Azad@timesofindia.com

FLAME WATCH: Officials said the move is aimed at strengthening forest fire prevention measures ahead of the dry season

Dehradun: The forest department has launched a major exercise to restore and maintain fire lines -- strips of land cleared of vegetation -- across six forest divisions in Uttarakhand, involving the clearing of nearly 15,000 trees along a cumulative stretch of 1,235km.

Officials said the move is aimed at strengthening forest fire prevention measures ahead of the dry season. The restoration work will be carried out in Dehradun, Champawat, Nainital, Ramnagar, Kedarnath Wildlife Sanctuary and Kalsi Soil Conservation divisions.

The forest corporation has been given permission to carry out marking and felling of trees. Officials said that of the total log lots identified, 93 are in Kumaon, 37 in Garhwal and four in wildlife areas.

"Working plans define division-specific strategies to balance ecological preservation with fire risk management. Fire lines work as natural firebreakers, which is why these stretches have to be cleared," said Sushant Patnaik, state nodal officer for forest fires and disaster management.

Officials said maintaining fire lines is especially important in vulnerable forest zones as they help prevent the spread of wildfires by creating gaps in vegetation.

According to the department, at least 1,689 forest beats in the state are vulnerable to forest fires. Of these, 84 have been classified as highly sensitive, 291 as moderately sensitive and 1,364 as low-sensitive.

Forest department data showed that since the beginning of the summer fire season in Feb, around 122 hectares of forest land have been affected in 200 fire incidents across the state.

MAY 8 2026

TIMES OF INDIA

5. May 22, 2026: Five people died as a car fell into a ditch in Bhawali

भवाली में खाई में गिरी कार, पांच लोगों की मौत

दिल्ली के दंपती, दो बच्चे और चालक थे सवार

भवाली (नैनीताल)। दिल्ली के परिवार की कार बृहस्पतिवार दोपहर ढैला गांव के पास अनियंत्रित होकर 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार दंपती, उनके दो बच्चों और चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

मूल रूप से खटीमा के मेन बाजार निवासी भूपेंद्र सिंह चुफाल (48) पुत्र कृपाल सिंह वर्तमान में परिवार समेत द्वारका दिल्ली में रहते थे। बृहस्पतिवार को वह अपनी पत्नी सीमा कैड़ा चुफाल (45), बेटे वासु (19) और बेटी रावी (12) संग भवाली के पास दूनीखाल जा रहे थे। उनकी इलेक्ट्रिक कार लखनऊ निवासी चालक अनुज कुमार मिश्रा (34) पुत्र दयासागर मिश्रा चला रहे थे। दोपहर करीब एक बजे दूनीखाल से करीब तीन किमी पहले ढैलागांव के पास कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। हालांकि सिग्नल नहीं होने के चलते सूचना देने में थोड़ी देर हुई। भवाली पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय वाहन चालकों के साथ डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद सभी को रस्सी के सहारे सड़क तक पहुंचा दिया लेकिन तब तक पांचों लोग दम तोड़ चुके थे। हादसे के दो घंटे बाद भी 108 एंबुलेंस नहीं आने से शव निजी वाहन से भवाली सीएचसी पहुंचाए गए। संवाद

परिवार के साथ भूपेंद्र चुफाल (फाइल)

जा रहे थे रिश्तेदार के कैंप

भूपेंद्र का लखनऊ में मेडिकल का काम है। दिल्ली द्वारका में उनका फ्लैट है। वासु बीबीए कर रहा था और रावी स्कूली छात्रा थी। बताया जा रहा है कि दूनीखाल में भूपेंद्र के साले राजेश रावत का कैंप साइड है जहां उनके रुकने का कार्यक्रम था। हादसे के बाद से राजेश रावत और उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

AMAR UJALA

MAY 22, 2026

6. May 22, 2026: Fire watcher and woman die tragically in forest fire

जंगल की आग में झुलसने से फायर वाचर और महिला की दर्दनाक मौत

चमोली व टिहरी की घटना : दोनों वनाग्नि को फैलने से रोकने की कर रहे थे कोशिश

संवाद न्यूज एजेंसी

गोपेश्वर/कीर्तिनगर। जंगल की आग की चपेट में आने से चमोली में 42 वर्षीय फायर वाचर राजेंद्र सिंह नेगी और टिहरी में 50 वर्षीय अंजू देवी की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों ही आबादी की तरफ फैल रही वनाग्नि को रोकने की कोशिश कर रहे थे। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

चमोली जिले में बदरीनाथ हाईवे के पास बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे चीड़ के जंगल में आग लगने की सूचना पर चमोली रेंज के वन कर्मियों की 15 सदस्यीय टीम को मौके पर भेजा गया। बदरीनाथ वन प्रभाग के डीएफओ सर्वेश दुबे मुताबिक इस टीम में फायर वाचर 42 वर्षीय राजेंद्र सिंह नेगी निवासी पाखी जलग्वाड़ भी शामिल थे। रात करीब साढ़े आठ बजे वन कर्मियों ने अधिकारियों को राजेंद्र के लापता होने की सूचना दी।

सूचना पर रात करीब साढ़े नौ बजे दुबे खुद मौके पर पहुंचे। वहीं, प्रकरण की जानकारी एसपी सुरजीत सिंह पंवार को भी दी। एसपी के निर्देश पर एसडीआरएफ और वन कर्मियों की संयुक्त टीम ने खोजबीन की। रात साढ़े दस बजे जंगल में राजेंद्र का मोबाइल फोन पड़ा मिला पर उनका पता नहीं चला। इसके बाद रेस्क्यू अभियान रोक दिया गया। बृहस्पतिवार को सुबह फिर से अभियान चलाया गया। इस दौरान राजेंद्र सिंह का शव करीब 70 मीटर नीचे खाई में बुरी तरह झुलसा हुआ मिला।

नलगांव बीट के जंगलों में लगी आग को बुझाने में जुटे वनकर्मी। स्रोत: वन विभाग

राजेंद्र सिंह नेगी। फाइल

एक दिन का वेतन देंगे

सरकारी मुआवजे के अलावा वन विभाग के कर्मी एक दिन का वेतन राजेंद्र के परिवार को देंगे।

वनाग्नि : इस सीजन में घट चुकीं 309 घटनाएं

इस फायर सीजन में 15 फरवरी से अब तक उत्तराखंड में वनाग्नि की 309 घटनाएं हो चुकी हैं। इनसे 257 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। सबसे अधिक 227 घटनाएं गढ़वाल मंडल में घटी हैं। कुमाऊं में ऐसी करीब 50 घटनाएं हुई हैं। वहीं प्रदेश में बृहस्पतिवार को चमोली, टिहरी सहित कई जिलों में वनाग्नि भड़कने की घटनाओं की सूचना मिली है।

खेत की तरफ बढ़ रहीं थीं लपटें

टिहरी जिले की ग्राम पंचायत पैंडुला के पिपोला तोक निवासी 50 वर्षीय अंजू देवी की जंगल की आग की चपेट में आकर मौत हो गई। अंजू अपने खेतों से सटे जंगल में लकड़ी और चारापत्ती लेने गईं तो देखा कि जंगल सुलग रहे हैं। वनाग्नि तेजी से फैल रही थी और खेतों की ओर बढ़ रही थी। अंजू आग बुझाने का प्रयास कर रही थीं लेकिन हवा के कारण लपटों की चपेट में आ गई। शाम तक उनके घर न लौटने पर बेटे निवास ने ग्रामीणों की मदद से उनकी तलाश शुरू की। रात साढ़े 8 बजे उनका झुलसा शव मिला। गांव के पूर्व प्रधान सुनय कुकशाल व कमल सिंह बिष्ट ने बताया कि वनाग्नि की चपेट में आने से अंजू बुरी तरह से झुलस गई थीं। वन क्षेत्राधिकारी संजय सिंह बेलवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना स्थल को नापभूमि (राजस्व भूमि) पाया गया है। हालांकि विभागीय मंत्री सुबोध उनियाल व अधिकारियों का कहना है कि टिहरी में महिला की मौत वनाग्नि से नहीं हुई है, मामले की जांच कराई जा रही है।

AMAR UJALA

MAY 22, 2026

7. May 23, 2026: Over 400 villages affected by the disaster, the pace of displacement is slow

गढ़वाल से लेकर कुमाऊं मंडल तक सुरक्षित आशियाने के इंतजार में हैं सैकड़ों परिवार

आपदा की जद में 400 से अधिक गांव, विस्थापन की रफ्तार सुस्त

खत्म करो इंतजार

देहरादून, हिटी। उत्तराखंड के सैकड़ों गांव आज भी भू-धंसाव, भूस्खलन और बाढ़ के खतरे के साये में हैं। उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ जैसे सीमांत जनपदों में विस्थापन प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है, लेकिन अल्मोड़ा और नैनीताल जैसे जिलों में भू-गर्भीय जांच और स्थानीय असहमतियों के चलते कई मामले अब भी फाइलों में अटके हुए हैं।

राज्य सरकार के सामने चुनौती सिर्फ परिवारों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना ही नहीं, बल्कि उनकी आजीविका और सांस्कृतिक जड़ें बचाए रखना भी है।

रुद्रप्रयाग में 35 गांव संवेदनशील: जिले में 35 गांव आपदा के लिहाज से संवेदनशील हैं। 2012 से 2026 तक 26 गांवों के 278 परिवार विस्थापन की श्रेणी में आए। प्रशासन 21 गांवों के 246 परिवारों का विस्थापन करवा चुका है। जबकि, पांच गांवों के 32 परिवार अब भी विस्थापन के इंतजार में हैं।



पिथौरागढ़ में तेज हुई विस्थापन की प्रक्रिया

पिथौरागढ़ जिला आपदा की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील माना जा रहा है। 117 गांव खतरे की जद में हैं। 700 परिवारों के विस्थापन का लक्ष्य है। 627 परिवार सुरक्षित जगह बसाए गए। शेष 60 परिवार इंतजार में हैं।

भू-गर्भीय जांच का पेच

अल्मोड़ा के 12 गांव संवेदनशील हैं। पांच गांव अति संवेदनशील माने गए हैं। 36 परिवारों का विस्थापन हुआ है, 240 परिवारों का मामला भूगर्भीय जांच रिपोर्ट एवं ग्रामीणों में असहमति के कारण लंबित है। कई लोग उसी क्षेत्र में सुरक्षित आवास मांग रहे हैं।

01 सौ 22 गांव यूएसनगर के बाढ़ की दृष्टि से बेहद संवेदनशील श्रेणी में

- रुद्रप्रयाग में 21 गांवों के 246 परिवार विस्थापित, 05 गांवों के 32 परिवार अब भी इंतजार में
- चमोली जिले में 17 गांव आपदा के हिसाब से बेहद संवेदनशील, विस्थापन की जटिल चुनौतियां

उत्तरकाशी: उनहत्तर गांव अति संवेदनशील श्रेणी में

उत्तरकाशी जिले के 69 गांव अति संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित हैं। बीते 10 वर्षों में भटवाड़ी के 47, बड़ेथी के 83 और धराली के 21 परिवारों समेत कुल 18 इलाकों से सैकड़ों परिवारों का विस्थापन किया जा चुका है। इसके बाद भी करीब 147 परिवारों का विस्थापन अब तक लंबित चल रहा है।

नब्बे के दशक से विस्थापन की बाट जोह रहा पुलिंडा

पौड़ी जिले के पांच संवेदनशील गांवों में शामिल पुलिंडा गांव 90 के दशक से विस्थापन की राह देख रहा है। हालांकि, विस्थापन स्थल को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच अब तक सहमति नहीं बन पाई है। नई टिहरी के 28 संवेदनशील गांवों में धनोल्टी तहसील क्षेत्र में विस्थापन का काम अपेक्षाकृत तेजी से हुआ है। वहीं, चमोली जिले में 17 गांव आपदा की दृष्टि से संवेदनशील माने गए हैं।

दून में भूस्खलन का अंदेशा

देहरादून में फिलहाल किसी गांव के विस्थापन की जरूरत नहीं बताई गई है, किमाड़ी रोड और मसूरी के पास के सात क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील हैं। वहीं, यूएसनगर के 122 गांव बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील हैं। बरसात के दौरान अवैध निर्माण के कारण हालात और अधिक गंभीर हो जाते हैं।

नदी किनारे खतरा कायम

चंपावत में 20 संवेदनशील गांवों के 112 परिवारों को विस्थापन के लिए मुआवजा मिल चुका है। अधिकांश परिवार नए घर बना चुके हैं। नैनीताल में बलियानाला और नदी किनारे बसे मुरकुड़िया, पस्तोला और चाफी गांव खतरे की जद में हैं। हालांकि, यहां फिलहाल कागजी कार्रवाई से आगे विस्थापन की प्रक्रिया नहीं बढ़ पाई है।

HINDUSTAN

MAY 23, 2026

8. May 28, 2026: Woman dies in forest fire, apple orchards burnt

कहरः गैरसैंण और देहरादून जिले के त्यूणी में कई घंटे धधकते रहे जंगल

वनाग्नि से महिला की मौत, सेब के बाग जले

गैरसैंण/,त्यूणी, हिन्दुस्तान टीम। उत्तराखंड में वनाग्नि का प्रकोप जारी है। चमोली जिले में गोशाला तक पहुंची आग को बुझाने के प्रयास में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, देहरादून के त्यूणी में सेब के दो हजार पेड़ जल गए।

गैरसैंण क्षेत्र में मंगलवार शाम सात बजे नगली-ढमकर के जंगलों में लगी आग बूंगा के पाटीखाल तोक में 52 वर्षीय सुरेशी देवी पत्नी मगन लाल की गोशाला तक पहुंच गई। आग बुझाने के प्रयास में महिला गंभीर रूप से झुलस गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। बदरीनाथ वन प्रभाग के डीएफओ सर्वेश कुमार दूबे ने घटना की पुष्टि की है। बूंगा के प्रधान नरेंद्र बिष्ट, नगली के प्रधान नवीन बहुगुणा ने पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

दूसरी ओर, त्यूणी की देवघार रेंज में लगी आग की चपेट में आने से 12 से अधिक किसानों के करीब साढ़े छह हेक्टेयर में फैले सेब के दो हजार पेड़ और चार आवासीय छानियां जल गईं। ग्राम प्रधान अमिता पंवार ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब सात बजे जंगल में अचानक आग भड़क उठी। तेज हवाओं के चलते आग तेजी से फैलती हुई निजी बागों तक पहुंच गई।

वन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम ने सुबह दस बजे तक आग पर काबू पा लिया था, लेकिन शाम करीब सात बजे आग फिर भड़क गई। इसके बाद पूरी रात ग्रामीणों और वनकर्मियों ने मोर्चा संभाले रखा और बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

ग्रामीणों और वनकर्मियों ने पेड़ों की टहनियों, मिट्टी और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सेब के करीब दो हजार फलदार पेड़ जल चुके थे। उधर, नायब तहसीलदार सरदार सिंह ने लगभग साढ़े छह हेक्टेयर क्षेत्र में आग लगने की पुष्टि की और बताया कि बागवानों और ग्रामीणों को हुए क्षति का आकलन करने के लिए राजस्व उप निरीक्षक को मौके पर भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आर्थिक सहायता की संस्तुति कर भेजी जाएगी।

> आग से आफत P08

देहरादून जिले में त्यूणी के कुणा गांव के बौराड़ चौंडाधार खेड़ा के जंगल में मंगलवार देर रात लगी भीषण आग। • हिन्दुस्तान

21 मई को भी चमोली के पाखी में जंगल की आग से हुई थी एक व्यक्ति की मौत

02 हजार पेड़ सेब के जलने का दावा किया जा रहा है त्यूणी क्षेत्र में

चमोली जिले में आठ दिनों में दो लोगों ने गंवाई जान

वनाग्नि से चमोली जिले में बीते आठ दिनों में दो लोगों की मौत हो चुकी हे। इससे पहले 21 मई को बिरही के जंगल में आग बुझाने गए पाखी के राजेन्द्र सिंह की मौत हो गई थी।

गैरसैंण में वनाग्नि का शिकार हुई सुरेशी देवी। • फाइल फोटो

HINDUSTAN
MAY 28, 2026

9. April 26, 2026 : Ten people died in accidents in Garhwal

गढ़वाल में हादसों में दस लोगों की मौत

रुद्रप्रयाग : वाहन खाई में गिरने से एक ही परिवार के तीन की मौत व पांच घायल

चमोली : दंपती व पुत्र की कार खाई में गिरने से मौत

उत्तरकाशी : पहाड़ी से आए बोल्डर ने खाई में गिराई कार, दंपती की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। गढ़वाल मंडल में शनिवार हादसों का दिन रहा। चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में हुईं दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई। इनमें दो स्थानीय परिवारों के छह लोग और महाराष्ट्र से आया एक दंपती भी है। तमिलनाडु की महिला की गंगोत्री में नहाते समय बहने से मौत हो गई जबकि यमुनोत्री में मध्यप्रदेश के एक श्रद्धालु ने तबीयत बिगड़ने से दम तोड़ दिया।

पहली घटना ऊखीमठ में भीरी सुरसाल मोटर मार्ग से तोड़ीधार-पैलिंग उथिंड जाने वाले मोटर मार्ग पर भूतेर तोक में शनिवार दोपहर 12 बजे हुई। यहां एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 50 फीट नीचे गिरकर एक पेड़ से अटक गया। पुलिस व स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी को निकाला। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हुए है। पुलिस अधीक्षक विकास पुंडीर ने बताया कि वाहन बांसवाड़ा से पेलिंग उथिंड की ओर जा रहा था। मृतकों में महेन्द्र सिंह (68), अंजन सिंह (42), संगीता देवी (32) ग्राम उथिंड के निवासी है। घायलों में रेशमा देवी (35), दक्षित (5), सांवी (3), विहान (8), वैभव (10) है। सभी उथिंड गांव के रहने वाले है और एक ही परिवार के सदस्य है। दूसरी घटना शनिवार तड़के करीब चार बजे देवाल के ल्वाणी के पास खाई में कार गिरने से हुई। इसमें बांक गांव के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि छह वर्षीय बच्चे समेत तीन घायल हो गए। गांव के खुशाल सिंह ने बताया कि गांव के बुजुर्ग भजन सिंह का शुक्रवार शाम को देहरादून में उपचार के दौरान निधन हो गया था। उनके परिवारजन शव को एंबुलेंस में और खुद दो कारों में सवार होकर गांव आ रहे थे। ऋषिकेश में लगे जाम के कारण साथ में चल रहे बलबीर सिंह सुबह करीब चार बजे ल्वाणी के पास पहुंचे, यहां उनकी कार अनियंत्रित होकर करीब 400 मीटर खाई में गिर गई। जिसमें गांव के एक ही परिवार के बलवीर सिंह (50), उनकी पत्नी शांति देवी (38), पुत्र आशीष (19) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गांव के कविता देवी (28), रोशनी (19), मयंक (6) घायल हो गए। घायलों को एयर एंबुलेंस से एम्स भेजा गया।

तीसरी घटना उत्तरकाशी में शुक्रवार देर शाम को गंगोत्री हाईवे पर हेलगूगाड़ के समीप हुई। बारिश की वजह से अचानक पहाड़ी से एक बड़ा बोल्डर सड़क पर आया और कार के अगले हिस्से से टकराते हुए उसे गहरी खाई में ले गया। इसमें महाराष्ट्र के नागपुर निवासी बुजुर्ग दंपती लक्ष्मी काटेकर (67) और दामोधर (77) की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं उड़ीसा निवासी दंपती विमल कुमार प्रधान और उनकी पत्नी उपासना गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चालक यशवीर निवासी पंजाब का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए मध्य प्रदेश के हरिमोहन (61) निवासी मध्य प्रदेश की शनिवार सुबह जानकीचट्टी के पास अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। चारधाम यात्रा सीजन में यह 14वीं मौत है। >> संबंधित पेज 07 पर



रेस्क्यू अभियान चलाते पुलिस के जवान व स्थानीय ग्रामीण। संवाद

नदी में बही महिला, मौत

उत्तरकाशी/पौड़ी। नदी के तेज बहाव में बहने से एक महिला की मौत हो गई वहीं दूसरे की तलाश चल रही है। इसमें गंगोत्री धाम में शनिवार दोपहर में घाट पर गंगा स्नान कर रही चेन्नई की रामवती (45) पैर फिसलने से बहाव में बह गई। वह नदी में करीब पांच सौ मीटर बहकर सूर्यकुंड के समीप बोल्डरों पर फंस गई। एसडीआरएफ ने उसको नदी से बाहर निकालकर सीपीआर दी लेकिन तब तक महिला की मृत्यु हो चुकी थी। वहीं पौड़ी के थलीसैंण में कैन्यूर गांव निवासी मदन सिंह (50) शनिवार शाम को पूर्वी नयार नदी के समीप बकरियां चुगाने गए थे। वह बारिश की वजह से उफनाई नदी के बहाव की चपेट में आकर बह गए।

AMAR UJALA

MAY 31, 2026

About Social Development for Communities (SDC) Foundation

SDC Foundation is a Dehradun-based environmental action and advocacy group engaged in communication, citizen engagement and capacity building in the Himalayan state of Uttarakhand. The foundation works in partnership with institutions of Government of India, Government of Uttarakhand and other stakeholders such as research & academic institutions, community groups, civil society, media partners, NGOs, businesses & trade bodies, schools & colleges in the state.

Climate and environment conservation, waste management, sustainable urbanisation and a basket of sustainable development issues are key focus areas of the foundation.

Anoop Nautiyal,
Founder, SDC Foundation
Dehradun, Uttarakhand
Email: anoop.nautiyal@gmail.com

PS: Errors or omissions in UDAAI documentation, if any, are purely unintentional. In case any errors or key omissions are detected or any fresh updates are available for events that are already documented, SDC Foundation may kindly be notified at the email address contactsdcuk@gmail.com. We shall make the necessary corrections in subsequent versions of the monthly reports of UDAAI.